बंशी बजाय गयो श्याम री

बंशी बजाय गयो श्याम री मोसे नैना मिला के,
दिल में समाय गयो श्याम री मोसे नैना मिला के ॥

मथुरा से वृंदावन आके,
निर्दयी छलिया ने चैन चुराके,
मोरी निंदिया उड़ाय गयो श्याम री मोसे नैना मिला के ॥

जादू कर गई उसकी अँखियाँ ,
राह रोक मोरी पकड़ी बहियाँ ,
मोरी मटकी गिराय गयो श्याम री मोसे नैना मिला के ॥

लूटा मोर मुकुट की छटा ने ,
उन केशों की इंद्रघटा ने ,
मोपे बिजली गिराय गयो श्याम री मोसे नैना मिला के ॥

श्याम नाम की ओढ़ी चुनरिया,
श्याम की चूड़ी श्याम की बिंदिया,
रास रचाय गयो श्याम री मोसे नैना मिला के ॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/7114/title/bansi-bajay-gayo-shyam-ri-mose-naina-mila-ke-dil-me-samay-gayo-shyam-ri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |